ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत 'कल्चर ऑफ कमिटमेंट' कार्यक्रम की लॉन्चिंग

# ब्रह्माकुमारीज़ ने राजयोग द्वारा सारे विश्व में बनाई एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान : ओम बिरला

**ओ.आर.सी.-गुरूग्राम।** ब्रह्माकुमारी संस्था आध्यात्मिक सशक्तिकरण के माध्यम से विश्व को शांति और प्रेम के सूत्र में बांधने का महान कार्य कर रही है। उक्त विचार भारतीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने ब्रह्माकुमारीज़ के ओम शान्ति रिट्रीट सेंटर में 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत प्रशासक वर्ग के राष्ट्रीय कार्यक्रम की लॉन्चिंग पर व्यक्त किये। 'कल्चर ऑफ कमिटमेंट' विषय पर सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था ने राजयोग के द्वारा सारे विश्व में एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बनाई है। आध्यात्मिक ज्ञान से समाज के हर वर्ग को जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही है। आध्यात्मिकता और विज्ञान के समन्वय से ही श्रेष्ठ समाज की स्थापना की जा सकती है। डॉ. बी.डी. कल्ला,कैबिनेट मंत्री,शिक्षा,कला, साहित्य एवं संस्कृति,राजस्थान सरकार ने कहा कि एक समय था जब भारत में मानव ही नहीं बल्कि प्रकृति भी अपनी मर्यादा में रहती थी। मर्यादाओं के उल्लंघन के कारण ही समस्याओं का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान की भी हमारे साथ कमिटमेंट है कि जब मानवीय मूल्यों का ह्रास होगा, तब मैं पुनः उनकी स्थापना करूंगा। ओ.आर.सी. निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी ने कहा कि जब हम ज़िम्मेवारी के साथ पूर्ण मनोयोग से कोई कार्य करते हैं तो अनेकों की दुआओं के पात्र बनते हैं। साथ ही स्वयं में संतुष्टता का अनुभव करते हैं। मोटिवेशनल स्पीकर ब्र.कु. शिवानी बहन ने कहा कि हमें कमिटमेंट का संस्कार बनाना है। क्योंकि संस्कार से ही संस्कृति का निर्माण होता है और जैसी संस्कृति होती है वैसा ही संसार बनता है। इस अवसर पर विशेष रूप से भारत के उप-राष्ट्रपति माननीय वेंकैया नायडू ने भी लिखित रूप में कार्यक्रम की सफलता के प्रति अपना शुभ कामना संदेश भेजा। ब्रह्माकुमारीज़,ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय संयोजक ब्र.कु. चार्ली तथा भोपाल से संस्था की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. अवधेश बहन ने भी शुभ कामनायें देते हुए अपने विचार रखे। ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय,माउण्ट आबू से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. हरीश भाई ने ब्रह्माकुमारीज़ के प्रशासक वर्ग के सवाओं की जानकारी दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से सुधांशु पांडे,सचिव,खाद्य एवं सार्वजनिक परिवहन विभाग,उपभोक्ता एवं खाद्य मंत्रालय, नितिन चन्द्र,अतिरिक्त सचिव, विधि कार्य विभाग,न्याय एवं कानून मंत्रालय, मृदुल कुमार,अति. सचिव,विदेश मंत्रालय, आशीष कुमार चतुर्वेदी, महानिदेशक,शिक्षा मंत्रालय, वी. शशांक शेखर,मुख्य सचिव और मुख्य चुनाव अधिकारी,नागालैंड, रवि कपूर, सीईओ,संसद टीवी, प्रशान्त गोयल,सचिव, फाइनेंस एंड प्लानिंग एंड रिसर्च,पुडुचेरी एवं कृष्ण कुमार,पूर्व प्रिन्सीपल चीफ कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स,उत्तर पश्चित क्षेत्र आदि प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने कार्यक्रम के प्रति अपनी शुभकामनायें दीं। ओ.आर.सी. की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. मधु बहन ने राजयोग का अभ्यास कराया। ब्र.कु. विधात्री ने सभी का धन्यवाद किया तथा कार्यक्रम संचालन ब्र.कु. हुसैन बहन ने किया।

> ब्रह्माकुमारी संस्था जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर लोकहित में कार्य कर रही है। वर्तमान समय हम सभी को कमिटमेंट की बहुत आवश्यकता है। कमिटमेंट के आधार से ही हम एक मूल्यनिष्ठ समाज का निर्माण कर सकते हैं। सरकार के साथ मिलकर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन एक नई दिशा और दशा प्रदान करेगा। - केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान



# यही समय सत्य के साथ जुड़ने का है



**नैतिक मूल्यों की शिक्षा द्वारा समाज को शक्तिशाली बना रहा ब्रह्माकुमारी संगठन : युद्धवीर सेठी**

**जम्मू-248/ए(ब्रह्माकुमारीज़ रोड)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा ओम शांति मेडिटेशन सेंटर में आयोजित महा शिव जयंती महोत्सव एवं शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम में युद्धवीर सेठी,उपाध्यक्ष भाजपा,जेके-यूटी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संगठन हमें आंतरिक, नैतिक मूल्य सिखाता है और समाज को आध्यात्मिक रूप से शक्तिशाली बनाता है। जब हम सभी को एहसास होगा कि भगवान एक है तो भाईचारे की भावना मज़बूत हो जाएगी। प्रो. जे.पी. शर्मा,कुलपति,एसकेयूएएसटी जम्मू ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था समाज के लिए निःस्वार्थ सेवा कर रही है। उन्होंने अपने अनुभव से कहा कि अगर हम वास्तविक शांति और खुशी का अनुभव करना चाहते हैं तो हमें ब्रह्माकुमारीज़ के मुख्यालय माउण्ट आबू ज़रूर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहाँ मन के प्रबंधन की शिक्षा दी जाती है। राजयोगिनी ब्र.कु. सुदर्शन दीदी,संचालिका ब्रह्माकुमारीज़ जम्मू-कश्मीर/लद्दाख ने कहा कि भगवान सत्य है और इस दुनिया को सभी बुराइयों से मुक्त करने के लिए सत्य के साथ जुड़ने का यही समय है। परमपिता परमात्मा शिव को अपनी बुराइयों को अर्पित करना ही सही अर्थ में महाशिवरात्रि मनाना है। डॉ. अक्षय शर्मा ने कहा कि यहाँ आकर मैं हमेशा शांति और आनंद महसूस करता हूँ। कार्यक्रम में ब्र.कु. आशा, ब्र.कु. शारदा, ब्र.कु. सुदेश, ब्र.कु. नीरू तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें उपस्थित रहे। वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. रविंदर भाई ने सभी का स्वागत किया तथा मंच संचालन किया। ब्र.कु. रोमल भाई ने सभी का धन्यवाद किया।

# सही समय पर दूसरों के काम आने में ही जीवन की सार्थकता : महापौर

**कटघोरा-कोरबा(छ.ग.)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा शिवरात्रि महोत्सव पर सभागृह कटघोरा,मेला ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में राजकिशोर प्रसाद,महापौर नगर पालिका निगम कोरबा ने महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि सही समय पर, सही स्थान पर, सही क्षमता से, सही रूप से हम दूसरों के काम आ जायें तो हमारा जीवन सार्थक होगा। रतन मित्तल,अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद् कटघोरा ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों का निःस्वार्थ सेवा भाव सर्व को प्रभावित करता है। डॉ. के.सी. देबनाथ,अक्षय हॉस्पिटल कोरबा ने कहा कि जीवन यात्रा, एक लम्बी आध्यात्मिक यात्रा है। इस यात्रा के लिए सहज राजयोग सीखना आवश्यक है जिसका ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। किशोर अग्रवाल ने कहा कि मैं संस्था के मुख्यालय आबू पर्वत गया हूँ, वह एक स्वच्छता और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। श्रीराम अग्रवाल ने कहा कि यहाँ आकर मुझे एक सुखद अनुभूति हो रही है। ब्र.कु. श्रुति बहन,मा.आबू ने कहा कि आत्मा 84 जन्मों के चक्र में आकर स्वयं के अस्तित्व को भूल गई है। यही सर्व दुःखों का कारण है। ब्र.कु. बिन्दू बहन ने कहा कि शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं जो कि कलियुग के अंत तथा सतयुग के आदि में इस सृष्टि पर ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर आदि सनातन देवी देवता धर्म की स्थापना का कार्य संगमयुग पर करते हैं। ब्र.कु. रुक्मणी बहन ने कहा कि सहज राजयोग के अभ्यास से सुख शांति आनंद का प्रवाह जीवन में स्वतः आता है। ब्र.कु. लीना बहन ने राजयोग का अभ्यास कराया। शेखर राम भाई ने मंच का संचालन किया।



# जीवन को राममय बनाने से आयेगा 'स्वर्णिम भारत' रामराज्य

**महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन' का भव्य उद्घाटन**

**सरिया-बिलासपुर(छ.ग.)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' परियोजना के अंतर्गत महाशिवरात्रि के अवसर पर एक मास के 'द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन' के उद्घाटन कार्यक्रम में स्वप्निल स्वर्णकार,अध्यक्ष,नगर पंचायत सरिया ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ एक आध्यात्मिक संस्था है जो हमारे समाज को सही दिशा देने में अद्भुत कार्य कर रही है। राजयोगिनी ब्र.कु. मंजू दीदी,संचालिका, ब्रह्माकुमारीज़ टिकरापारा बिलासपुर ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत में जाने के लिए क्रोध को छोड़, प्रेम को धारण करना है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में सिर्फ राम-राम नहीं कहना बल्कि



जीवन को ही राममय बनाना है तभी स्वर्णिम भारत राम राज्य आएगा। आचार्य कीर्तन शुभकर,संस्थापक, ओंकार शक्ति केन्द्र बरमकेला ने कहा कि स्वर्णिम भारत का जो संकल्प संकल्पित है भारत को स्वर्णिम भारत बनाने में, वह आध्यात्मिक शक्ति से ही संभव है। इस अवसर पर भूषण लाल वर्मा,अध्यक्ष,विद्युत उपभोक्ता फोरम बिलासपुर, शिव अग्रवाल,अध्यक्ष, जिला चावल उद्योग जांजगीर चम्पा व किशन सुल्तानिया,कोषाध्यक्ष, अग्रसेन जन कल्याण ट्रस्ट ने भी शुभकामनायें दीं। ब्र.कु. राधिका बहन,सह संचालिका,ब्रह्माकुमारीज़ रायगढ़ एवं जशपुर ने भी अपने विचार रखे। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सुनयना बहन ने एक मास के आयोजन के अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम संचालन ब्र.कु. नीलू बहन,संचालिका, ब्रह्माकुमारीज़ पत्थलगांव ने किया।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th March, 2022
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक एवं सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - श्री मुकेश मंगल, डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org